# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 01 अगस्त 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में 29 जुलाई को ग्लोबल टाइगर डे अवसर पर राजस्थान में बाघिन "मछली" (टी-16) का भव्य स्मारक का अनावरण कहां किया गया?**

(A) रणथंभौर टाइगर रिजर्व
(B) सरिस्का टाइगर रिजर्व
(C) रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व
(D) इनमें से कोई नही

- ग्लोबल टाइगर डे, 29 जुलाई के अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने रणथंभौर टाइगर रिजर्व की बाघिन "मछली" (टी-16) का रणयम्भौर में भव्य स्मारक का अनावरण किया।
- रण्यम्भौर टाईगर रिजर्व क्षेत्र को आबाद करने में बाघिन मछली (टी-16) की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 5 बार शावको को जन्म दिया, देश में टाईगर का यह द्वितीय स्मारक है।
- रणथम्भौर की सबसे प्रसिद्ध बाघिन मछली (टी-16) का जन्म 1997 में हुआ। अपने चेहरे पर मछली जैसी आकृति के कारण उसे यह नाम मिला
- वर्ष 2013 में भारत सरकार ने मछली पर स्मारक डाक टिकट जारी कर उसे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया

01. राराजस्थान में टोंक जिले में किस नदी पर बने ईसरदा बांध में 30 जुलाई से पहली बार जल संग्रहण शुरू हो गया है?

(A) चंबल नदी

(B) रावी नदी

(C) बनास नदी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- टोंक जिले में बनास नदी पर बने ईसरदा बांध में 30 जुलाई से पहली बार जल संग्रहण शुरू हो गया है।
- यह बांध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की महत्वाकांक्षी राम जल सेतु लिंक परियोजना (ईआरसीपी) के अंतर्गत निर्मित हुआ है।
- बांध के निर्माण के बाद यह पहला मौका है जब इसमें जल संग्रहण किया जा रहा है।
- पहले चरण में 253 आरएल (मीटर) तक जल संग्रहित करने का लक्ष्य रखा गया है।
- ईसरदा बांध से टोंक जिले के 1,068 और सवाईमाधोपुर के 177 गांवों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

**02. हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा राजस्थान में जिंक फुटबॉल गर्ल्स अकादमी की शुरुआत कहां की गई है?**

(a) ज़ावर, उदयपुर

(b) केलवा, राजसमंद

(c) चौरासी गढ़, चित्तौड़गढ़

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सहयोग से बृहस्पतिवार को राजस्थान के उदयपुर के निकट ज़ावर में जिंक फुटबॉल गर्ल्स अकादमी की शुरुआत की।
- यह भारत का पहला प्रौद्योगिकी-संचालित आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र है जो विशेष रूप से लड़कियों के लिए है।
- अकादमी ने पांच राज्यों से चयनित 20 अंडर-15 खिलाड़ियों के अपने पहले बैच को नामांकित किया है
- शुरुआती बैच में राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और झारखंड समेत विभिन्न राज्यों की 20 बालिका शामिल हैं

03. राजस्थान में किस जिले के नमन चौधरी 11 अगस्त से कजाकिस्तान में होने वाले यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में युवा ब्रांड एंबेसडर के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे?

(A) उदयपुर

(B) जयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- जयपुर के कैडेट नमन चौधरी का चयन एनसीसी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए हुआ है।
- वे 11 अगस्त से कजाकिस्तान में होने वाले यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम (वाईईपी) में भारत के युवा ब्रांड एंबेसडर के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- हाल ही एनसीसी महानिदेशालय दिल्ली की ओर से जारी वाईईपी की सूची में उनका नाम प्रथम स्थान पर शामिल किया गया है।
- उन्हें पीएम मोदी द्वारा बेस्ट कैडेट का खिताब भी दिया गया है – जयपुर से यह खिताब पाने वाले पहले कैडेट बने।

**04. हाल ही में अगस्त 2025 में होने वाली 'मिस ओशियन वर्ल्ड' में राजस्थान से भारत का प्रतिनिधित्व कौन करेंगी?**

(a) पारूल सिंह

(b) ट्विंकल पुरोहित

(c) निधि शर्मा

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- जयपुर की पारुल सिंह ने 'मिस ओशियन इंडिया 2025' का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया।
- पारुल सिंह अब अगस्त में होने वाली 'मिस ओशियन वर्ल्ड' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- जयपुर की पारुल सिंह बनीं मिस ओशियन इंडिया 2025
(राजस्थान की पहली प्रतिभागी को मिला राष्ट्रीय ताज)
- प्रतियोगिता का आयोजन फ्यूजन ग्रुप द्वारा बीएम बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में किया गया।

05. राजस्थान फुटबॉल संघ द्वारा पहली बार आयोजित एक्सीलेंस अवॉर्ड सेरेमनी में किसे बेस्ट प्रोफेशनल फुटबॉलर ऑफ द ईयर प्रदान किया गया?



(a) मार्तंड रैना

(b) विशाल कलोसिया

(c) अल्ताफ हुसैन

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान फुटबॉल संघ ने पहली बार एक्सीलेंस अवॉर्ड सेरेमनी आयोजित की। इसमें मार्तंड रैना को बेस्ट प्रोफेशनल फुटबॉलर ऑफ द ईयर जबकि अल्ताफ हुसैन को बेस्ट डोमेस्टिक फुटबॉलर ऑफ द ईयर चुना गया।
- इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर – विशाल कलोसिया एवं धैर्य सनाढ्य
- राजस्थान फुटबॉल संघ की पहली एक्सीलेंस अवॉर्ड सेरेमनी 2025
  - स्थान – जयपुर
  - मुख्य अतिथि – AIFF अध्यक्ष कल्याण चौबे
- इस अवसर पर बेस्ट रेफरी का अवॉर्ड कर्मवीर खीचड़ एवं जस्टिन जैस को दिया गया।

06. हाल ही में चीन में आयोजित मकाऊ कैडेट एवं जूनियर एशियन ओपन जूडो कप में जयपुर के यश यादव ने कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- चीन में आयोजित मकाऊ कैडेट एवं जूनियर एशियन ओपन जूडो कप में जयपुर के यश यादव और आराध्य चोपड़ा ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन किया।
- प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में यश यादव ने 100 किलोग्राम से अधिक भार में रजत पदक जीता
- वहीं आराध्य चोपड़ा ने 90 किलो किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता है

**07. भारत सरकार द्वारा तेरापंथ धर्मसंघ के 10वें आचार्य महाप्रज्ञ की105वीं जयंती के उपलक्ष्य में कितने रुपए का सिक्का जारी किया गया?**

(a) 101 रुपए

(b) 105 रुपए

(c) 100 रुपए

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- 28 जुलाई 2025 को भारत सरकार द्वारा तेरापंथ धर्मसंघ के 10वें आचार्य और जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय के द्वितीय अनुशास्ता एवं महान दार्शनिक संत आचार्य महाप्रज्ञ की 105वीं जयंती के उपलक्ष्य में 100 रुपए का चांदी का स्मारक सिक्का जारी किया गया है।
- राजस्थान राज्य के टमकोर (झुंझुनू) नामक एक छोटे से कस्बे में जन्मे आचार्य महाप्रज्ञ  एक जैन मुनि व आचार्य ही नहीं, बल्कि जन-जन के लिए बिना किसी भेदभाव के आध्यात्मिक गुरु थे। वे दूरदर्शी विचारक थे।
- सन् 1920 में उनका जन्म हुआ। उन्होंने अपना जीवन अहिंसा, ध्यान और नैतिक जीवन के लिए समर्पित कर दिया

08. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग का संग्रहालय कहां बनाया जा रहा है?

(A) जोधपुर

(B) उदयपुर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) जयपुर क्षेत्र में संग्रहालय बना रहा है। एएसआई के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार मानसरोवर के पटेल मार्ग स्थित कार्यालय के प्रथम तल पर संग्रहालय बनाए जाने का कार्य चल रहा है।
- विभाग का जयपुर में ये ऐसा संग्रहालय होगा, जिसे हाइटेक तरीके से तैयार किया जा रहा है।
- संभावना जताई जा रही है कि अगस्त या सितम्बर तक इसे पर्यटकों के अवलोकनार्थ खोला जा सकता है।

**09. फरवरी 2026 में AI इम्पैक्ट समिट की मेज़बानी कौनसा देश करेगा?**

(A) जर्मनी

(B) भारत

(C) इटली

(D) अमेरिका

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- भारत फरवरी 2026 में AI इम्पैक्ट समिट की मेज़बानी करेगा।
- शिखर सम्मेलन के मुख्य क्षेत्र: स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, जलवायु परिवर्तन और शासन।
- उद्देश्य: वास्तविक जगत की चुनौतियों का समाधान करने के लिए AI का उपयोग करना और इसे सभी के लिए सुलभबनाना।

सरकार AI अवसंरचना का विस्तार कर रही है, जिसमें GPU कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुँच भी शामिल है।

**10. भारत के किस राज्य ने 7 अगस्त को सतत कृषि दिवस मनाये जाने की घोषणा की है?**

(A) महाराष्ट्र

(B) राजस्थान

(C) ओडिशा

(D) मध्यप्रदेश

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- महाराष्ट्र सरकार ने 7 अगस्त को सतत कृषि दिवस घोषित किया है।
- यह दिवस भारत की हरित क्रांति के सूत्रधार डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- इस निर्णय की घोषणा राज्य के कृषि मंत्री ने की।
- महाराष्ट्र के सभी कृषि विश्वविद्यालयों में डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन जैव-खुशी केंद्र स्थापित किए जाएँगे।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान के जैसलमेर में किस स्थान पर 4500 साल पुरानी हड़प्पा सभ्यता के अवशेष मिले हैं.?**

(A) रातडिया री डेरी, रामगढ़

(B) मोहनगढ़, जैसलमेर

(C) अमर सागर, लौद्रवा

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔳 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine